पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2015-17 प्रकाशित: 16.08.2016 इस अंक का मल्य 2 रुपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868002130

**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्**
**राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक**
**रविवार, 28 अगस्त 2016**
दोपहर 3.00 बजे
आर्य समाज, कबीर बस्ती, दिल्ली–7
सभी साथी समय पर पंहुचे
– महेन्द्र भाई, महामन्त्री

वर्ष-33 अंक-6 श्रावण-2073 दयानन्दाब्द 192 16 अगस्त से 31 अगस्त 2016 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 16.08.2016, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## उत्तर प्रदेश में पूर्ण शराब बन्दी की मांग को लेकर गाजियाबाद से लखनऊ तक रैली सम्पन्न
## स्वामी आर्यवेश, देवेन्द्रपाल वर्मा, डा. अनिल आर्य, स्वामी धर्मेश्वरानन्द ने किया आह्वान






आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में वीरवार, 11 अगस्त 2016 को आर्य समाज,राजनगर,गाजियाबाद से उत्तर प्रदेश में पूर्ण शराब बन्दी की मांग को लेकर विशाल जनजागरण यात्रा का आयोजन किया गया जिसका समापन लखनऊ में 15 अगस्त 2016 को हुआ। सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने रैली का शुभारम्भ किया व सभा प्रधान देवेन्द्रपाल वर्मा ने नेतृत्व किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के सभी अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य के नेतृत्व में दल बल सहित सम्मिलित हुए। श्री श्रद्धानन्द शर्मा,श्री मायाप्रकाश त्यागी,श्री सत्यवीर चौधरी,श्री ओमप्रकाश आर्य,श्री प्रमोद चौधरी,श्री महेन्द्र भाई,श्री रामकुमार सिंह,श्री प्रवीन आर्य,सौरभ गुप्ता आदि प्रमुख थे। हापुड़ पंहुचने पर प्रधान श्री आनन्दप्रकाश आर्य के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। जिला सभा के प्रधान विकास आर्य व मन्त्री अशोक आर्य,नरेन्द्र आर्य,राधारमन आर्य आदि के सान्निध्य में उत्साह पूर्ण वातावरण में स्वागत समारोह हुआ।


## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 10 दिन में 40 युवा संस्कार समारोह
## जहां नहीं होता कभी विश्राम, आर्य युवक परिषद् है उसका नाम
## आर्य समाज सूर्य निकेतन में युवा संस्कार व स्वतन्त्रता दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न





सोमवार, 15 अगस्त 2016, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् व आर्य समाज सूर्य निकेतन,पूर्वी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 101 युवक,युवतियों का यज्ञोपवीत संस्कार सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया व श्री प्रेमप्रकाश माटा ने ध्वजारोहण किया। प्रधान श्री यशोवीर आर्य ने कुशल संचालन किया। परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल आर्य, पूर्व विधायक श्री नसीबसिंह ने अपनी शुभकामनाऐं प्रदान की। श्री सुभाष मल्होत्रा,डा. उषाकिरण कथूरिया, श्री ईशकुमार नारंग, श्री संजय आर्य, रामकुमार सिंह, वेदप्रकाश आर्य, राजीव कोहली, नरेन्द्र आर्य, रविन्द्र मेहता, शिशुपाल आर्य, सत्येन्द्र आर्य (एटा), प्रवीन आर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। विकास शास्त्री, सौरभ गुप्ता, भव्या डंग, शिवम मिश्रा, काशीराम आर्य ने व्यवस्था सम्भाली।

## मवाना मेरठ में संगीत सोम का स्वागत व सोनीपत में युवा संस्कार सम्पन्न





केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 13 अगस्त 2016 को मवाना,मेरठ क्षेत्र में 4 युवा संस्कार समारोह आयोजित किए गये। इस अवसर पर विधायक श्री संगीत सोम मुख्य यज्ञमान बने व उनका अभिनन्दन किया गया। श्री महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया। श्री रामकुमारसिंह,श्री वेदप्रकाश आर्य भी उपस्थित थे। श्री शिशुपाल आर्य ने कुशल संचालन किया। द्वितीय चित्र–शुकवार, 12 अगस्त 2016,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् हरियाणा के प्रभारी श्री मनोहरलाल चावला के नेतृत्व में विजय हाई स्कूल,सिक्का कालोनी,सोनीपत में युवा संस्कार समारोह आयोजित किया गया। आचार्य सन्दीप जी ने यज्ञ करवाया। 200 बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया। राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई,रामकुमार सिंह आर्य,अरूण आर्य,शालिनी चावला आदि के उद्बोधन हुए। श्री हरिचन्द स्नेही ने कुशल मंच संचालन किया।

# कश्मीर में कारगर हस्तक्षेप का उपयुक्त समय

—अवधेश कुमार

यह सवाल हर भारतीय के मन में कौंध रहा है कि कश्मीर का क्या किया जाए? कैसे शांति स्थापित हो? आशंका यह पैदा हो रही है कि कश्मीर कहीं 1990 के दशक वाली स्थिति में न पहुंच जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चन्द्रशेखर आजाद की जन्मस्थली भाबड़ा से इन्सानियत, जम्हूरियत, कश्मीरीयत की बात की। उन्होंने कहा कि पूरा देश कश्मीर से प्यार करता है, उसे स्वर्गभूमि मानता है और सभी भारतीय की इच्छा होती है कि वह एक दिन कश्मीर जाए। उन्होंने इस बात पर दुख प्रकट किया कि जिन बच्चों के हाथों में किताब, क्रिकेट के बैट आदि होने चाहिए उनके हाथों में पत्थर पकड़ा दिया गया है। यह एक प्रकार से प्रधानमंत्री की ओर से प्रस्ताव है कि हमने जिस इन्सानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत की बात की है उस पर आकर समाधान तलाशा जाए। प्रश्न है कि कश्मीर के जो उत्पाती हैं वो इस अपील या प्रस्ताव को मानने के लिए तैयार हैं?

प्रधानमंत्री के इस वक्तव्य के एक दिन पहले मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने दिल्ली आकर गृहमंत्री से भेंट की और उसके बाद कहा कि आम अवाम के साथ सभी पक्षों से बातचीत की जाए। सभी पक्षों का उन्होंने तात्पर्य भी स्पष्ट कर दिया कि हुर्रियत यानी अलगाववादी और पाकिस्तान। उन्होंने लोगों के कथित घाव पर मरहम लगाने की बात की। उनकी पोटली में कश्मीर समस्या का यही समाधान है। मेहबूबा के ये विचार नए नहीं है। उनके पिता स्व. मुफ्ती मोहम्मद सईद भी जख्मों पर मरहम लगाने की बात करते थे। वे देश के गृहमंत्री रहे, जब आतंकवादियों ने उनकी बेटी का अपहरण कर लिया था। वे दो बार मुख्यमंत्री रहे। यह तो नहीं कहा जा सकता कि मुख्यमंत्री रहते उन्होंने उन तथाकथित जख्मों पर मरहम लगाने का काम नहीं किया। क्या उससे स्थिति में अंतर आ गया? उसी बात को फिर दुहराने का क्या अर्थ है? सामान्य तौर पर यह ठीक है कि समस्याओं का समाधान अंततः बातचीत से ही निकलता है। किंतु क्या वर्तमान कश्मीर इस कसौटी पर खरा उतरता है?

कहना बहुत आसान है कि लोगों से बातचीत की जाए। सवाल है कि जो लोग सुरक्षा बलों पर पत्थरों से हमले कर रहे हैं, एसिड फेंक रहे हैं और जो उनके पीछे हैं उनके साथ बातचीत कैसे की जाए? कोई भी इस तरह अपराध करेगा यानी कानून अपने हाथ में लेगा तो उससे कानून के तरीके से निपटना होगा। संसद में हुई बहस में कई अच्छी बातें भी आईं लेकिन कई सांसदों ने पैलेट गन का प्रयोग रोकने की मांग की। सुरक्षा बल पैलेट गन का प्रयोग रोक दें तो वे पत्थरबाजी, एसिडबाजी का मुकाबला कैसे करें यह भी माननीय सांसदों को बताना चाहिए। मेहबूबा मुफ्ती का रवैया बताता है कि उनके पास उपयुक्त सोच नहीं है। हो भी नहीं सकता। उपयुक्त सोच वस्तुस्थिति जैसी है उसी रुप में देखने से पैदा हो सकती है। कश्मीर को देखने के उनके नजरिए में ही दोष है। लोगों को चोट न पहुंचे, वे मारे न जाएं, उनको मनाया जाए यह सुनने में अच्छा लग सकता है लेकिन कश्मीर की आंतरिक स्थिति और उसके पीछे की साजिशकर्ता शक्तियों को देखें तो पूरी तस्वीर ही उलट जाती है। 8 जुलाई को आतंकवादी बुराहन वानी के सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे जाने के बाद जो हिंसा भड़की है वह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसके पीछे जो शक्तियां लगीं हैं उनको पहचाने और उनका इलाज तलाशे बगैर आप समाधान की दिशा में बढ़ ही नहीं सकते।

1990 के बाद पहली बार है जब वहां किसी संगठन ने पोस्टर लगाया कि पंडितों घाटी छोड़ो, अन्यथा मरने के लिए तैयार रहो। इस पोस्टर पर लश्कर ए इस्लाम का नाम लिखा है जो हिज्बुल मुजाहीदीन आतंकवादी संगठन का भाग माना जाता है। लिखा गया कि इंडिया गो बैक, योअर गेम इज ओवर। यानी भारत वापस जाओ, तुम्हारा खेल खत्म हो चुका है। सैयद अली शाह गिलानी दीवार पर यह नारा लिखते कैमरे में देखे गए। वो नारा लगवा रहे हैं पाकिस्तान हमारा है, हम हैं पाकिस्तानी। क्या ये स्थितियां बात करने लायक है? 1989 के बाद यही स्थितियां थीं जिनमें घाटी से पंडितों को पलायन करना पड़ा था। एक ओर यह हालत है तो दूसरी ओर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कहते हैं कि इंशा अल्लाह, हम उस दिन के इंतजार में हैं जब कश्मीर पाकिस्तान होगा। हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकवादी संगठन और अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा घोषित आतंकवादी सैयद सलाहुद्दीन पाकिस्तान में खुलेआम सक्रिय है। वह कराची से बयान देता है कि हमने समझ लिया है कि अब हथियारबंद जेहाद ही हमारे पास एकमात्र रास्ता है तथा पाकिस्तान इसमें मदद कर रहा है। वह कश्मीर पर भारत पाकिस्तान के बीच नाभिकीय युद्ध तक की बात कर रहा है। हाफिज सईद की अति सक्रियता तो सामने है ही। अगर पाकिस्तान की सेना और आईएसआई की शह नहीं हो तो सलाहुद्दीन इतना सक्रिय हो ही नहीं सकता। पाकिस्तान कश्मीर में वैसी स्थिति पैदा करना चाहता है ताकि यहां ज्यादा से ज्यादा उसके एजेंट सक्रिय हो, हालात ऐसे पैदा कर दें जिसमें भारत को कठोर सैन्य कार्रवाई करवानी पड़े, खून खराबा हो और कुल मिलाकर नियंत्रणविहीनता का वातावरण पैदा हो जाए।

क्या आप सीमा पार जाकर सलाहुद्दीन और हाफिज सईद से हाथ जोड़ेंगे कि आइए हम आपसे बात करना चाहते हैं, आप कश्मीर में शांति स्थापित करने में हमारी मदद कीजिए। पाकिस्तान का पूरा सत्ता प्रतिष्ठान क्या हमारे बातचीत के आग्रह से अपना रवैया बदल लेगा? कश्मीर में कारगर हस्तक्षेप की यकीनन आवश्यकता है। वह इसलिए है ताकि स्थिति बिल्कुल हाथ से बाहर न निकल जाए। लेकिन वह हस्तक्षेप क्या हो सकता है इसकी समग्र योजना बनाने की जरुरत है। मेहबूबा ने तो ईद के मौके पर पत्थर फेंकने के अपराध में गिरफ्तार करीब छः सौ लोगों को जेल से रिहा किया उससे क्या हुआ? पाकिस्तान का झंडा फहराने वाली आसिया अंद्राबी पर मुकदमा होने के बावजूद सरकार ने गिरफ्तार नहीं किया। तो क्या उससे उसका ह्रदय बदल गया? हाफिज सईद कहता है कि आसिया अंद्राबी ने उससे फोन पर लंबी बातचीत की। क्या बातचीत की होगी? हर शुक्रवार को रुटिन की तरह पाकिस्तानी झंडा फहराने और नारा लगाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। तो उससे उनका दिल पसीज गया क्या? अब तो आईएसआईएस और लश्कर ए तैयबा तक के झंडे लहराए जाते हैं।

क्या हमारे देश के नेतागण नहीं जानते कि अगर लोग घायल हो रहे हैं तो 4500 से ज्यादा सुरक्षा बल भी घायल हुए हैं। दो जवान भी मारे गए हैं। क्या उनके परिवारों के जख्म पर मरहम की आवश्यकता नहीं? कश्मीर पर छाती पीटने वालों में कोई नहीं कहता कि लोग पुलिस व अर्धसैनिक बलों पर हमले न करे। केवल पुलिस और अर्धसैनिक बल पैलेट गन न चलाएं यह मांग की जा रही है। लोग अगर उन पर हमले करेंगे तो वो क्या करेंगे? उनके कैंपों पर भीड़ द्वारा भड़काऊ हमले हो रहे हैं। वे कितनी विकट परिस्थितियों में काम कर रहे हैं यह विचार का विषय होना चाहिए।

हालांकि हमने पूर्व में भी ऐसी स्थितियां देखी हैं। सन् 2010 में पत्थरबाजी और हिंसा चार महीने तक चलती रही थी। उस समय भी 20 सितंबर 2010 को सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल कश्मीर गया था। क्या निकला यह उसमें जाने वाले सांसद बता सकते हैं? तब भी सर्वदलीय प्रतिनिमंडल में कोई समस्या नहीं है। लेकिन यह कश्मीर की स्थिति पर कोई विशेष रिपोर्ट देगा, या समाधान का कोई विशेष रास्ता सुझा देगा ऐसा मानना बेमानी होगी। हालांकि कश्मीर में जम्मू और लद्दाख शांत है, उत्तरी कश्मीर में भी स्थिति नियंत्रण से बाहर नहीं है। समस्या का केन्द्र दक्षिणी कश्मीर है जहां हुर्रियत के सारे नेता रहते हैं। लेकिन 2010 में पाकिस्तान की यह नीति नहीं थी जो इस समय सेना और नवाज शरीफ ने अपना लिया है। इसलिए कश्मीर पर केवल बात की बजाय कारगर हस्तक्षेप किया जाए। दुनिया क्या कहेगी, पाकिस्तान कैसे छाती पीटेगा, तथाकथित मानवाधिकारवादी क्या कहेंगे इन सबकी चिंता छोड़कर संकल्पबद्ध कार्रवाई करनी होगी। अगर नहीं किया गया तो घाटी की स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है। साथ ही पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने के लिए उसके द्वारा कब्जा किए गए कश्मीर, गिलगित बलतिस्तान पर अपना दावा करके इसे बड़ा मुद्दा बनाने की कूटनीति अपनाई जाए।

—ई. :30, गणेश नगर, पांडव नगर कॉम्प्लेक्स,
दिल्ली—110092, 0981107208

## आर्य समाजों में श्रावणी पर्व

1. **गुरुकुल खेड़ा खुर्द,दिल्ली में रविवार, 11 सितम्बर 2016 को प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मनाया जायेगा। सम्पर्क—आचार्य सुधांशु—9350538952**
2. **आर्य समाज,अशोक विहार,फेज—1,दिल्ली में 25 अगस्त से 28 अगस्त 2016 तक मनाया जायेगा। सम्पर्कः—जीवनलाल आर्य—9718965775**
3. **आर्य समाज,सुन्दर विहार,दिल्ली में 18 अगस्त से 25 अगस्त 2016 तक डा.महेश विद्यालंकार,आचार्य चन्द्रशेखर शर्मा,पं.लक्ष्मण कुमार शास्त्री के प्रवचन होंगे। सम्पर्कः—अमरनाथ बत्रा—9868006104**

दिल्ली चलो आर्यो दिल्ली पंहुचो आर्य युवको

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में

# ''राष्ट्रीय आर्य युवा महोत्सव''

रविवार, 4 सितम्बर 2016, प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक

स्थानः आर्य समाज,राजेन्द्र नगर,नई दिल्ली, (निकटः मैट्रो स्टेशन राजेन्द्र पैलेस)

समारोह अध्यक्षः डा.अशोक कुमार चौहान (संस्थापक अध्यक्ष,ऐमिटी शिक्षण संस्थान)

आशीर्वादः स्वामी आर्यवेश जी (प्रधान,सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा,नई दिल्ली)

देश भर के आर्य युवा प्रतिनिधियों का भव्य समागम :

सामुहिक यज्ञोपवीत व व्यायाम प्रदर्शन का सुन्दर द्रश्य

सभी आर्य युवक परिषद् की पूर्ण वेश भूषा में दल बल सहित प्रातः 9 बजे पंहुच जायें। दिल्ली के बाहर से आने वाले आर्य प्रतिनिधि शीघ्र सूचित करें जिससे आवास आदि की यथोचित व्यवस्था की जा सके।

प्रातः नाश्ता, दोपहर ऋषि लंगर व सांय काल चाय पान का सुन्दर प्रबन्ध रहेगा।

सभी आर्य जनों का तन,मन,धन से सहयोग अपेक्षित है।

भवदीय

| आनन्द चौहान | डॉ. अनिल आर्य | महेन्द्र भाई | धर्मपाल आर्य | अशोक सहगल |
|---|---|---|---|---|
| संरक्षक | राष्ट्रीय अध्यक्ष | महामन्त्री | कोषाध्यक्ष | स्वागताध्यक्ष |

## मथुरा में सुशील विद्यार्थी ''अमृत महोत्सव'' व सन्देश विहार में युवा संस्कार सम्पन्न




रविवार, 7 अगस्त 2016, आगरा के दानवीर आर्य श्री सुशील विद्यार्थी का 75 वां जन्मोत्सव गुरुकुल दखौला, मथुरा में स्वामी विश्वानन्द जी के सान्निध्य में मनाया गया। श्री रमाकांत सारस्वत ने कुशल संचालन किया। परिषद् अध्यक्ष डा. अनिल आर्य, स्वामी शिवानन्द जी, डा. धीरज सिंह, रामकुमार सिंह, अरूण आर्य, वरूण आर्य आदि अनेकों आर्य जनों ने अपनी शुभकामनायें प्रदान की। द्वितीय चित्र–आर्य समाज, सन्देश विहार, दिल्ली में युवा संस्कार समारोह मनाया गया। पं. ज्ञानप्रकाश जी ने यज्ञ करवाया व पं.विजयभूषण आर्य के भजन हुए। डा. अनिल आर्य, विजेन्द्र आनन्द, अनिता आनन्द, डा.विशाल आर्य, दुर्गेश आर्य आदि उपस्थित थे।

## आर्य विद्या मन्दिर प्रताप नगर व अमेरिका में आर्य महासम्मेलन सम्पन्न




आर्य विद्या मन्दिर प्रताप नगर, दिल्ली में स्वतन्त्रता दिवस सोल्लास मनाया गया। मंच पर चेयरमैन पी.डी.शर्मा,वीरेन्द्र कुमार,आचार्य गवेन्द्र शास्त्री,डा.अनिल आर्य, देवेन्द्र भगत, आदि। संचालन के.के.सेठी ने किया। द्वितीय चित्र–आर्य प्रतिनिधि सभा अमेरिका का वार्षिक आर्य महासम्मेलन सोलास सम्पन्न हुआ। श्री गिरीश खोसला, प्रधान श्री विश्रुत आर्य, मंत्री श्री भुवनेश खोसला को सफल आयोजन के लिये हार्दिक बधाई।

## समयपुर बादली व फरीदाबाद श्रद्धा मन्दिर स्कूल में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न




13 अगस्त 2016, आर्य समाज ट्रस्ट ग्राम समयपुर,दिल्ली के तत्वावधान में शिवपुरी में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। डा.अनिल आर्य का उद्बोधन हुआ। श्री कमल आर्य ने कुशल संचालन किया। श्री सौरभ गुप्ता,श्री अरूण आर्य,श्री विकास शास्त्री,श्री अनुज आर्य आदि उपस्थित थे। द्वितीय चित्र–फरीदाबाद के श्रद्धा मन्दिर स्कूल में डा. गजराजसिंह आर्य की अध्यक्षता में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया। श्री वीरेन्द्र योगाचार्य ने कुशल संचालन किया। श्री रामकुमार सिंह आर्य ने भी सम्बोधित किया।

# आर्य समाज महावीर नगर व सराय रोहेल्ला में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न






रविवार, 14 अगस्त 2016,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के युवा संस्कार अभियान के अन्तर्गत आर्य समाज,महावीर नगर,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ, 40 बच्चों ने यज्ञोपवीत ग्रहण किया। आचार्य अरविन्द शास्त्री ने यज्ञ करवाया। मुख्य अतिथि डा.अनिल आर्य,पार्षद श्री यशपाल आर्य ने अपना सन्देश दिया। प्रधान श्री राजपाल पुलियानी ने सभी का स्वागत किया। मन्त्री श्री मायाराम शास्त्री ने कुशल संचालन किया । श्री कन्हैयालाल मदान,श्री जगवीर हुड्डा,दिनेश आर्य,अतुल खन्ना,ओमनरेन्द्र विज,अन्जु शर्मा,विजय आर्य आदि उपस्थित थे। द्वितीय चित्र–आर्य समाज,सुभद्रा कालोनी,सराय रोहेल्ला,दिल्ली में आचार्य प्रतीक शास्त्री ने यज्ञ करवाया व श्री सत्येन्द्र आर्य(एटा) के मधुर भजन हुए। मुख्य अतिथि डा. अनिल आर्य ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। प्रधान श्री पीताम्बर बाली,मन्त्री श्री संजीव आर्य ने कुशल संचालन किया। शिक्षक गौरव आर्य,राकेश आर्य ने व्यवस्था सम्भाली।

# आर्य समाज, प्रशान्त विहार का उत्सव व प्रताप नगर में युवा संस्कार सम्पन्न





रविवार, 14 अगस्त 2016, आर्य समाज,प्रशान्त विहार,दिल्ली का वेद प्रचार सप्ताह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। आचार्य वेदप्रकाश श्रोत्रिय के प्रवचन व अंजली आर्या के मधुर भजन हुए। विशिष्ट अतिथि डा.अनिल आर्य ने देश के हालात पर चर्चा की। प्रधान श्री कृष्णचन्द पाहुजा व मन्त्री श्री सोहनलाल मुखी ने कुशल संचालन व आभार व्यक्त किया। द्वितीय चित्र–शुकवार, 12 अगस्त 2016,आर्य समाज,प्रताप नगर,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। डा.अनिल आर्य,आचार्य गवेन्द्र शास्त्री,पार्षद सतबीर शर्मा,मोहम्मद उस्मान,हरभजनसिह,सतीश जैन,पी.डी.शर्मा,वीरेन्द्र कुमार,अमित सेठी,गुलशन कुमार आदि उपस्थित थे। श्री ओमसपरा(प्रधान,उत्तरी दिल्ली वेद प्रचार मण्डल) ने समारोह की अध्यक्षता की व मन्त्री श्री केवलकृष्ण सेठी ने कुशल संचालन किया। आर्य विद्या मन्दिर स्कूल के बच्चों ने देश भक्तिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# बहरोड़ राजस्थान में व इन्द्रापुरम, गाजियाबाद में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न





केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् राजस्थान के तत्वावधान में बहरोड़ में युवा संस्कार समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ,प्रान्तीय अध्यक्ष श्री रामकृष्ण शास्त्री ने यज्ञ करवाया व युवा गायक अकिंत उपाध्याय के मधुर भजन हुए । द्वितीय चित्र–आर्य समाज, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद में युवा संस्कार समारोह आयोजित किया गया। श्री महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया। प्रधान श्री विजय आर्य व मन्त्री श्री यज्ञवीर चौहान ने कुशल संचालन किया।

# आर्य समाज, वृन्दावन गार्डन, गाजियाबाद व वजीरपुर जे.जे.कालोनी में युवा संस्कार सम्पन्न





रविवार, 14 अगस्त 2016,आर्य समाज,वृन्दावन गार्डन,गाजियाबाद में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया व पं.गणेशदत्त शर्मा का ओजस्वी उद्बोधन हुआ। प्रधान श्री प्रमोद चौधरी व मन्त्री श्री सुरेश आर्य ने संचालन किया। श्री के.के.यादव,प्रवीन आर्य,सौरभ गुप्ता आदि ने व्यवस्था सम्भाली। द्वितीय चित्र–सोमवार, 15 अगस्त 2016,आर्य समाज,वजीरपुर जे.जे.कालोनी,दिल्ली में आचार्य प्रेमपाल शास्त्री की अध्यक्षता में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डा.अनिल आर्य ने उद्बोधन दिया। आचार्य अभयदेव शास्त्री ने यज्ञ करवाया व श्री संन्तोष शास्त्री ने संचालन किया। पं.सत्येन्द्र आर्य(एटा) के भजन हुए। श्री वीरेश आर्य,राधेश्याम आर्य ने व्यवस्था सम्भाली।

## मयूर विहार फेज–1 में वेद प्रचार सम्पन्न

आर्य समाज,मयूर विहार,फेज–1,दिल्ली में दिनांक 4 अगस्त से 7 अगस्त 2016 तक वेद प्रचार सप्ताह मनाया गया। आचार्य आनन्द पुरूषार्थी ने यज्ञ करवाया । पं.दिनेशदत्त आर्य व पं.नेत्रपाल आर्य के मधुर भजन हुए। डा.धर्मेन्द्र शास्त्री का ओजस्वी उद्बोधन हुआ। समाज के मन्त्री श्री अमीरचन्द रखेजा ने कुशल संचालन किया।

## शोक समाचार: विनम्र श्रद्धांजलि

1. श्री शिवदयाल आर्य (दयानन्द विहार,दिल्ली) का निधन।
2. श्री के.सी.आहुजा (ए.जी.सी.आर, एनक्लेव, दिल्ली) का निधन।
3. श्री छक्कनलाल पाहुजा (गुड़गांव) का निधन।
4. श्री चरती लाल गोयल (पिता श्री विजय गोयल केन्द्रीय मन्त्री) का निधन।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिंटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970